**राजस्थान सरकार**
**विधि एवं विधिक कार्य विभाग**
**(राजकीय वादकरण)**

क्रमांकः प.12(7)राज/वाद/24 पार्ट–2 जयपुर, दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

**:: आदेश ::**

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुओ मोटो रिट पिटीशन(सिविल) संख्या 2/2026 में पारित आदेश दिनांक 22.07.2026 के द्वारा नेशनल चंबल घड़ियाल अभ्यारण के अन्तर्गत आने वाले जिलों (धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा व बूंदी) में अवैध रेत खनन से संबंधित अधीनस्थ न्यायालयों (सेशन/मजिस्ट्रेट न्यायालयों) में विचाराधीन प्रकरणों में शीघ्रता से कार्यवाही किये जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से पैरवी हेतु विशिष्ट लोक अभियोजक नियुक्त/अधिकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः माननीय उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेश दिनांक 22.07.2026 की पालना में न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा व बूंदी में राज्य की ओर से पैरवीरत लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषकगण को अवैध रेत खनन से संबंधित अधीनस्थ न्यायालयों (सेशन/मजिस्ट्रेट न्यायालयों) में विचाराधीन प्रकरणों में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने हेतु विशिष्ठ लोक अभियोजक की शक्तियां एतद्द्वारा प्रदत्त की जाती हैं।

**(राघवेन्द्र काछवाल)**
**प्रमुख शासन सचिव, विधि**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
2. रजिस्ट्रार, जनरल, माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
3. रजिस्ट्रार (प्रशासन), माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर बैंच, जयपुर।
4. विशिष्ठ सहायक, माननीय विधि मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार।
5. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को उनकी अ.शा.टीप क्रमांक एफ.1(5)फोरेस्ट/2026 दिनांक 04.08.2026 के क्रम में।
6. वरिष्ठ शासन उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय।
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, विधि।
8. निजी सचिव, शासन सचिव, गृह(विधि) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
9. महानिदेशक, पुलिस/जेल, राजस्थान, जयपुर।
10. जिला कलक्टर/जिला एवं सेशन न्यायाधीश/पुलिस अधीक्षक, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा व बूंदी ।
11. संबंधित लोक अभियोजकगण।
12. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
13. सहायक लेखाधिकारी–प्रथम, विधि(वादकरण) विभाग।
14. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, विधि विभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
15. रक्षित पत्रावली।

**प्रमुख शासन सचिव, विधि**

RajKaj Ref No.:
24218502

Document certified by RAGHAVENDRA KACHAWAL <kachawal@yahoo.co.in>.
Digitally Signed by RAGHAVENDRA KACHAWAL
Designation : Principal Secretary To Government
Date :24-08-2026 03:26:51